

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 19 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 106 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती,ये सच है, कहानी नहीं होती। डर को अपने रास्ते से हटाओ,और मंज़िल को गले लगाओ।

# मलमास मेला 2026 की तैयारियां तेज

## ब्रह्मकुंड परिसर का होगा भव्य कायाकल्प, श्रद्धालुओं के लिए हाईटेक सुविधाएं– सुरक्षा, स्वच्छता और भीड़ प्रबंधन पर जोर

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मलमास मेला 2026 को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में ब्रह्मकुंड परिसर में स्थित मंदिर एवं पवित्र कुंड के सौंदर्यीकरण, रंग–रोगन और मरम्मत कार्यों की प्रगति को लेकर पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने मलमास मेले के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए निर्देश दिया कि ब्रह्मकुंड परिसर को श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। समीक्षा के दौरान मंदिर परिसर की दीवारों के रंग–रोगन, कुंड की सफाई व मरम्मत, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ–साथ अन्य यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ सभी कार्यों को पूरा किया जाए।



मेला अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मिस्ट कूलर, पंखे, पानी के फव्वारे, आपातकालीन प्रवेश एवं निकास द्वार, जिग–जैग बैरिकेडिंग, आकर्षक लाइटिंग, "दीदी की रसोई", मेडिकल टीम, नियंत्रण कक्ष और क्लॉक रूम जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और साप्ताहिक समीक्षा के जरिए प्रगति पर नजर रखी जाएगी, ताकि समय पर तैयारियां पूरी हो सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार मलमास मेला को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित कर जिले की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, महाप्रबंधक पर्यटन निगम श्री चंदन चौहान, कार्यपालक अभियंता श्री रामानुज प्रसाद, प्रबंधक (होटल एवं लीज) श्री गौरव कुमार, प्रबंधक (रोपवे) श्री दीपक कुमार और सहायक अभियंता श्री शेष राम वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# पावापुरी मोड़ पर पुलिस की सख्ती, बाइक चालकों की जांच–बिना हेलमेट पर दी सख्त चेतावनी

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** पावापुरी थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में पावापुरी मोड़ चौक पर सहायक थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें दोपहिया वा. हनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल चालकों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट के उपयोग की बारीकी से जांच की। कई बाइक सवार बिना हेलमेट के पाए गए, जिन्हें मौके पर ही रोककर सख्त हिदायत दी गई कि आगे से बिना हेलमेट वाहन न चलाएं। पुलिस ने चेतावनी दी कि अगली बार नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहायक थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने कहा कि हेलमेट का उपयोग केवल कानूनी बाध्यता ही नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें, ताकि हादसों से बचा जा सके। पुलिस द्वारा इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, शादी–ब्याह के लिए विशेष व्यवस्था लागू

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और पर्याप्त बनी हुई है। जिला पदा. धिकारी श्री कुंदन कुमार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त है और उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। जिले में संचालित 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9224 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के तहत शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। साथ ही लंबित बुकिंग के शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए बैकलॉग को 4.3 से घटाकर 2–3 के स्तर पर लाने का लक्ष्य तय किया गया है। खरमास समाप्त होने के बाद विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने वाणिज्यिक गैस की उपलब्धता को लेकर भी विशेष प्रावधान किया है। जिन परिवारों में शादी या अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, वे संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर वाणिज्यिक गैस प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के साथ शादी का कार्ड संलग्न करना होगा तथा आवश्यक सिलेंडरों की संख्या और संभ. ावित अतिथियों की जानकारी देना अनिवार्य होगा। यह गैस केवल संबंधित आयोजन में ही उपयोग के लिए मान्य होगी। इसके अलावा जिले में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) सुविधा का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है।



बिहारशरीफ नगर निगम के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड और राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों में 1733 उपभोक्ताओं ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 1431 को कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि शेष 302 को जल्द ही जोड़ा जाएगा। प्रतिदिन औसतन 10 नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से पीएनजी कनेक्शन अपनाने की अपील की है, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोलफ्री नंबर– 06112–233168) भी संचालित किया जा रहा है। उपभोक्ता इस नंबर पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग होता दिखे, तो इसकी सूचना तत्काल दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीपीएससी टीआरई–4 का नोटिफिकेशन जल्द– 46,882 पदों पर होगी शिक्षक बहाली, आवेदन अप्रैल अंत से

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद शिक्षक भर्ती प्रक्रिया ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। लंबे समय से इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) जल्द ही शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण (टीआरई–4) का नोटिफिकेशन जारी करने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, आयोग 20 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर सकता है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अभ्यर्थी 26 से 30 अप्रैल के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 46,882 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। वहीं परीक्षा का आयोजन 22 से 27 सितंबर 2026 के बीच प्रस्तावित है। हालांकि, अभ्यर्थियों द्वारा 1 लाख पदों पर बहाली की मांग की जा रही है, लेकिन शिक्षा विभाग ने फिलहाल 46 हजार पदों पर ही नियुक्ति की बात स्पष्ट की है। ऐसे में सीमित सीटों को लेकर विरोध या आंदोलन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।इस बार टीआरई–4 की प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब सभी अभ्यर्थियों को राज्य के 38 जिलों का प्राथमिकता क्रम अनिवार्य रूप से भरना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अभ्यर्थी जिला विकल्प नहीं भरता है, तो उसका आवेदन सीधे निरस्त कर दिया जाएगा। यह व्यवस्था बीपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा की तर्ज पर लागू की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिए गए प्राथमिकता क्रम के अनुसार जिला आवंटित किया जाएगा। यदि किसी जिले में सीट उपलब्ध नहीं होती है, तो उस स्थिति में चयन प्रभावित हो सकता है। आयोग ने आवेदन प्रक्रिया में भी परिवर्तन किया है। अब अभ्यर्थियों को पहले आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा, उसके बाद ही आवेदन फॉर्म भरने का लिंक सक्रिय होगा। बीपीएससी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सभी ताजा अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित नजर बनाए रखें। इस घोषणा के बाद राज्य के लाखों अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है, वहीं सीमित पदों को लेकर चर्चा भी तेज हो गई है।


अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Mobile:- 7033325120, 9931609015

# 3100 कलशों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा, इसलामपुर भक्तिमय माहौल में डूबा – गंदगी पर नगर परिषद से नाराजगी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट. इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर नगर में उस समय आस्था, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पटना रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर 3100 कलशों की भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। इस विशाल आयोजन में 3100 महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया और पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के गगनभेदी उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हर गली–मोहल्ला भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रातःकाल हनुमान मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा–अर्चना के साथ हुआ। आचार्यों एवं पुरोहितों ने कलशों का विधिपूर्वक पूजन कराया, जिसके बाद महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कतारबद्ध होकर यात्रा में शामिल हुईं। पुरुष श्रद्धालु ढोल–नगाड़ों, शंखध्वनि और भजन–कीर्तन के माध्यम से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना रहे थे। यात्रा के दौरान जगह–जगह स्थानीय लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख चौक–चौराहों को रंग–बिरंगी झालरों, धार्मिक झंडों और बैनरों से सजाया गया था, जिससे पूरा मार्ग पर्व जैसा प्रतीत हो रहा था। कई स्थानों पर भक्ति संगीत और रामधुन का आयोजन भी किया गया। यह भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए बुढ़ा नगर स्थित सूर्य मंदिर के पवित्र तालाब तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि–विधान से जल उठाया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे अनुशासन और आस्था के साथ धार्मिक नियमों का पालन किया। इसके बाद श्रद्धालु उसी उत्साह के साथ पुनः हनुमान मंदिर लौटे, जहां कलशों की विधिवत स्थापना के साथ यात्रा का समापन हुआ।



मंदिर परिसर को रंगीन रोशनी, फूलों की सजावट और भव्य पंडाल से सजाया गया था, जिसने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह–जगह शीतल जल, शरबत और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस आयोजन में श्री बजरंगबली पूजा प्रबंध समिति, श्रीकृष्ण चेतना समिति, समाजसेवियों एवं स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, सचिव सुरेंद्र सिंह, संयोजक भागवत सिंह यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। हालांकि, इस भव्य आयोजन के बीच नगर परिषद की लापरवाही भी उजागर हुई। शोभायात्रा मार्ग पर जगह–जगह गंदगी का अंबार लगा रहा, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की पूर्व सूचना नगर परिषद को दी गई थी, इसके बावजूद साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। इसे लेकर श्रद्धालुओं में नगर परिषद के प्रति आक्रोश देखा गया। कुल मिलाकर, यह भव्य कलश शोभायात्रा न केवल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी सशक्त संदेश दे गई।






# नालंदा में 250 पदों पर सुरक्षा कर्मियों की बहाली, 27 अप्रैल से जॉब कैंप शुरू

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय, नालंदा द्वारा AGILE Security Force Pvt- Ltd-, हैदराबाद के सहयोग से सुरक्षा कर्मियों की बहाली हेतु जॉब कैंप सह पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजनालय से मिली जानकारी के अनुसार कुल 250 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 50 पद सुरक्षा सुपरवाइजर और 200 पद सुरक्षा जवान के लिए निर्धारित हैं। सुरक्षा सुपरवा. इजर पद के लिए स्नातक पास, 25 से 40 वर्ष आयु और न्यूनतम 170 सेंटीमीटर ऊंचाई निध. ारित की गई है, जबकि सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास, 18 से 40 वर्ष आयु और न्यूनतम 165 सेंटीमीटर ऊंचाई अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 17,000 से 25,500 रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा। यह जॉब कैंप 27 अप्रैल 2026 से 11 मई 2026 तक जिले के 10 विभिन्न प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। सभी शिविर सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगे। 27 अप्रैल को गिरियक, 28 अप्रैल को राजगीर, 29 अप्रैल को इस्लामपुर, 30 अप्रैल को एकंगरसराय, 5 मई को अस्थावां, 6 मई को चंडी, 7 मई को हरनौत, 8 मई को नूरसराय, 9 मई को हिलसा और 11 मई को बिहारशरीफ में शिविर लगाए जाएंगे। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। शिविर में भाग लेना पूरी तरह निःशुल्क है और चयन के बाद किसी प्रकार का पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालांकि प्रशिक्षण, ड्रेस एवं अन्य संबंधित खर्चों की जिम्मेदारी अभ्यर्थी और कंपनी की होगी। जिला नियोजनालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के आर्थिक लेन–देन के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। सभी योग्य अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुंचकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाएं।






# रेलवे स्टेशन से पंचवटी नगर जाने वाली रास्ता का हाल खस्ता, घायल हो रहे बच्चे

## निर्माण में नहीं रखा गया था गुणवत्ता का ख्याल, ढलाई पर निखरे गिट्टी पर से होकर जाने को विवश हैं मोहल्ले के लोग

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर को एक नई पहचान दी। इस कारण राजगीर में देश के कोने–कोने से पर्यटकों का आना–जाना लगा रहता है। इसके बाद भी अब तक राजगीर नगर परिषद के शहरी क्षेत्र के मोहल्लों का भी सही तरीके से विकास नहीं हो सका। मोहल्लों में जाने वाली रास्तों का हाल काफी खराब है। ऐसा ही कुछ रेलवे स्टेशन से दक्षिण की ओर पंचवटी नगर मोहल्ले को जाने वाली रास्ता का है। इसका निर्माण एक साल पहले किया गया था। लोगों ने बताया कि यह बनने के एक माह के बाद ही ढलाई में काफी निम्न गुणवत्ता के कारण इसकी गिट्टी निखर गई। हाल ऐसा है कि अगर छोटा बच्चा रास्ता से जाने के दौरान गिर पड़ता है तो वह जख्मी हो जाता है। लोगों ने बताया कि काम कराने वालों ने ढलाई किसी तरह कर दी और पानी तक नहीं डाला था। इसके बाद इसे कोई देखने तक नहीं आया। इस रास्ते से होकर रेलवे स्टेशन से आने वाले यात्रियों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। वहीं स्कूली छात्र अपने साइकिल से भी गिर पड़ते हैं।



यह रास्ता शार्टकट होने के कारण लोग ट्रेन से उतर कर सीधे बस स्टैंड व छबिलापुर रोड तक लोग इसी रास्ते से जाते हैं। पंचवटी नगर के लोगों ने जिले के वरीय अधिकारी से इस रास्ते को दोबारा से निर्माण कराने की गुहार लगायी है ताकि उनके बच्चे घायल न हों। लोगों ने कहा कि ऐसे रास्ता को बनाने वालों पर प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए और उसका लाइसेंस भी रद्द किया जाना चाहिए। लोगों ने कहा कि इससे बेहतर तो पहले का किया हुआ ढलाई पथ था जो सालों हो जाने के बाद भी अब तक नहीं उखड़ा है।




# जनगणना कर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** प्रखंड सभागार में शनिवार को जनगणना के दूसरे बैच का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र के चयनित कर्मियों को जनगणना के बारे में विस्तार से बताया गया। फील्ड ट्रेनर प्रवीण कुमार एवं निरंजन कुमार ने प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया, डेटा संग्रहण, सर्वेक्षण तकनीक एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग के बारे में बताया। डाटा एंट्री ऑपरेटर रिंकु कुमारी एवं शहनवाज आलम ने तकनीकी सहयोग किया। मास्टर ट्रेनर सह ऑब्जर्वर नवीन कुमार ने कहा कि सभी काम समय से पूरा करें। पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ काम करें। बीडीओ एजाज आलम ने बताया कि जनगणना के तहत सेल्फ सर्वे का कार्य 17 अप्रैल से शुरू हो गया है। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने–अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक करने को कहा। अधिक से अधिक लोगों को स्वयं सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।




# नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा के लिए निकाली गयी कलश यात्रा

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के मुढ़ारी गांव स्थित फोरलेन सड़क किनारे नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में श्री श्री 108 श्री बजरंगबली जी की प्राण प्रतिष्ठा व अखंड कीर्तन को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निक. ाली। जिसमें 201 कुमारी कन्याओं व मि. हलाओं ने जलबोझी की।कलश यात्रा नव. निर्मित बजरंगबली मंदिर से सुरक्षित वाहन से निकल कर बख्तियारपुर के ग्यासपुर स्थित गंगाजी नदी तट पहुंचा।जहां आर्चाय अरविंद पांडेय ने विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया। कलश यात्रा पुनरू सुरक्षित वाहन से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। जिसमें नेशनल हाईवे 20 पर हरनौत बाजार में फ्लाईओवर के नीचे पेट्रोल पंप से कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने डीजे के धुन पर सर पर कलश लेकर मुख्य बाजार, रूपसपुर चौराहा स्थित सरदार पटेल चौक, बीआरसी,जीडीएम कॉलेज होते हुए धार्मिक कार्यक्रम स्थल परिसर में पहुंचा। जहां विद्वानों ने विधि विधान पूर्वक यशशाला में कलश को स्थापित कराया।शोभा यात्रा में जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा।प्राण–प्रतिष्ठा को लेकर बड़ी मुढ़ारी, छोटी मुढ़ारी, मानपुर , साहवाजपुर, रुपसपुर व आसपास के गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। विद्वानों ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर के आगे में यशशाला बनाई गई है। यशशाला के बीच में हवन के लिए चतुष्कोण कुंड बनाई गई है।इसमें चार कोण हैं।



इसमें हवन करने से जीवन में हो रही उथल–पुथल को रोका जाता है और शांति की प्राप्ति की जाती है।हवन से मन और वातावरण में अच्छी ऊर्जाएं प्रवेश करने लगती हैं। हवन में कई तरह की जड़ी–बूटियां मिली हुई होती हैं जिसे अग्नि में जलाने से वातावरण में मौजूद विषाणु नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हवन सामग्री में शुद्ध घी,पवित्र वृक्षों की लकड़ियां औप कपूर आदि के जलने से उत्पन्न अग्नि और धुएं से वातावरण शुद्ध तो होता है और नकारात्मक शक्तियां भी दूर भागती हैं। उन्होंने बताया कि कल रविवार को वेदी पूजन व मंड़प पूजन जबकि 20 अप्रैल को भगवान बजरंगबली जी की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान किया जाएगा। जबकि 21 अप्रैल से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू किया जाएगा तथा 22 को अखंड पूर्णाहुति एवं हवन के साथ समापन हो जाएगा।इस दौरान सुगंबर यादव,नंदू यादव, जीतेंद्र यादव,सिंघे यादव,सोनु, नितिश,लनीन, कमलेश, बब्लू, पप्पु, गुड्डू,सुनील, मनीष समेत अन्य मौजूद थे।






# मध्य विद्यालय ककड़िया में डाइट टीम का जोरदार अभिनंदन, परंपरा और सम्मान का दिखा अनोखा संगम

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मध्य विद्यालय ककड़िया में सम्मान और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान–नूरसराय (डाइट) के व्याख्याता और प्रशिक्षुओं का रोड़ी–चंदन लगाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम वरीय शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा एवं प्रधानाध्यापक श्री जितेन्द्र कुमार मेहता के नेतृत्व में शिक्षकों ने डाइट के व्याख्याताओं और प्रशिक्षुओं का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ एवं पुष्पवृष्टि के साथ आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका पूजा कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर डाइट के वरीय प्रशिक्षक व्याख्याता डॉ. ओम प्रकाश जी, श्रीमती रश्मि कुमारी एवं श्रीमती प्रीति बरनवाल मौजूद रहे। मौके पर अपने संबोधन में नूरसराय डाइट के व्याख्याता डॉ. ओम प्रकाश जी ने कहा कि आज मध्य विद्यालय ककड़िया में आप सभी के बीच आकर मुझे अत्यंत हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है। जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ आप लोगों ने हमारा और प्रशिक्षुओं का स्वागत किया है, वह वास्तव में अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा– शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। आज के इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि हम शिक्षण को और अधिक रोचक, प्रभावी एवं बाल–केंद्रित बना सकें। जब शिक्षक स्वयं सीखने के लिए तत्पर रहते हैं, तभी वे विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से मार्गदर्शन कर पाते हैं। मैं आप सभी शिक्षकों से आग्रह करता हूँ कि प्रशिक्षण में प्राप्त नई विधियों और नवाचारों को अपने वर्ग–कक्ष में अवश्य अपनाएँ, ताकि हमारे विद्यार्थी न केवल ज्ञानवान बनें, बल्कि आत्मविश्वासी और संस्कारी नागरिक भी बन सकें।



मौके पर वरीय शिक्षक श्री राकेश बिहारी शर्मा ने अपने सहकर्मी शिक्षकों, डाइट से पधारे व्यख्याताओं एवं बच्चों के बीच अपने सम्बोधन में कहा कि आज का यह अवसर विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। डाइट के अनुभवी प्रशिक्षकों का हमारे विद्यालय में आगमन हम सभी के लिए सीखने और अपने ज्ञान को और समृद्ध करने का सुनहरा अवसर है। शिक्षक समाज का निर्माता होता है। यदि शिक्षक सशक्त और जागरूक होगा, तो निश्चित रूप से समाज भी सशक्त बनेगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमें नई–नई शिक्षण तकनीकों और तरीकों को जानने का अवसर मिलेगा और हमारे विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होंगे। मैं सभी शिक्षकों से आग्रह करता हूँ कि हम इस प्रशिक्षण को केवल औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे एक अवसर के रूप में लें और अपने शिक्षण कार्य में सकारात्मक बदलाव लाएँ। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री जितेंद्र कुमार मेहता ने कहा कि आज हमारे विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि आप सभी सम्मानित प्रशिक्षक और प्रशिक्षु हमारे बीच उपस्थित हैं। आपके मार्गदर्शन से हमारे शिक्षकों को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का भी आधार होता है। ऐसे में शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे बदलते समय के अनुरूप अपने शिक्षण कौशल को विकसित कर सकें। इससे निश्चित रूप से हमारे विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा। विद्यालय की शिक्षिका पूजा कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि होती है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने आगंतुक व्याख्याताओं एवं प्रशिक्षुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रायना परवीन, गुलिस्तान परवीन, प्रीति कुमारी, विनीता कुमारी, स्मिता कुमारी, नीतीश कुमार, सुरुचि कुमारी, शिवानी कुमारी, मंटु कुमार, मुस्कान कुमारी, ज्योति कुमारी, अनुज कुमार, मो.रिज़वान अफताब, अनीता कुमारी, सुरेश कुमार, पूजा कुमारी, सतीश कुमार, विश्वरंजन कुमार, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



# विवाहित महिला ने एसपी को दिया आवेदन दहेज प्रताड़ना मामले में कार्रवाई की मांग

**केशववाणी अस्थावां (नालंदा)।** नालंदा जिले के अस्थावां बाजार की एक विवाहित महिला ने दहेज प्रताड़ना मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता काजल कुमारी, पिता दिनेश शर्मा, ने बताया कि उनकी शादी करीब तीन वर्ष पूर्व शेखपुरा जिले के जयरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाकपर गांव निवासी आनंद ठाकुर (पुत्र सुधीर ठाकुर) के साथ हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। शादी के शुरुआती कुछ महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन उसके बाद ससुराल पक्ष द्वारा गाली–गलौज, मारपीट और दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।इस संबंध में पीड़िता ने पहले ही बिहारशरीफ स्थित महिला थाना, नालंदा में आवेदन दिया था। जिसके आधार पर 20 जनवरी 2026 को कांड संख्या 05/2026 दर्ज की गई। इस मामले में पति आनंद ठाकुर, ससुर सुधीर कुमार, सास सुषमा देवी तथा गोतनी प्रीति देवी (पति शेखर शर्मा) के खिलाफ बीएनएस 2023 एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। पीड़िता का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके भैंसुर (शेखर शर्मा) द्वारा केस से नाम हटवाने की बात फोन के माध्यम से उनके परिजनों को कही गई है, जिसका साक्ष्य भी उनके पास मौजूद है। पीड़िता ने एसपी से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

# हाईटेक नकल का पर्दाफाश– नालंदा में एईडीओई परीक्षा में आंसर–की रैकेट, तीन गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओई) परीक्षा के दौरान नालंदा जिले में हाईटेक नकल और पेपर लीक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला परीक्षार्थी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस खुलासे ने परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र स्थित प्रयाग लाल साहू +2 हाई स्कूल परीक्षा केंद्र की है। यहां बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया का दुरुपयोग कर अभ्यर्थियों तक परीक्षा की आंसर–की पहुंचाई जा रही थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि नूरसराय निवासी बायोमेट्रिक एजेंसी के सुपरवाइजर चंदन कुमार और ऑपरेटर राहुल कुमार ने मशीन के होलोग्राम के भीतर बेहद चालाकी से आंसर–की छिपा रखी थी। सत्यापन के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को यह आंसर–की उपलब्ध कराई जा रही थी। बहादुरपुर की रहने वाली परीक्षार्थी श्वेता कुमारी जब बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए पहुंची, तो उसे आंसर–की सौंप दी गई। लेकिन केंद्र पर तैनात सतर्क अधिकारियों को संदेह हुआ। तलाशी और जांच के दौरान इस पूरे हाईटेक नकल तंत्र का भंडाफोड़ हो गया। केंद्राधीक्षक की शिकायत पर सोहसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने महिला अभ्यर्थी समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह काम किसी संगठित सॉल्वर गैंग का हिस्सा हो सकता है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आंसर–की कहां से आई और इसके बदले कितनी रकम का लेनदेन हुआ। अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में उपस्थिति निराशाजनक रही। प्रथम पाली– 9732 में से 4285 अभ्यर्थी उपस्थित द्वितीय पाली– 4250 अभ्यर्थी उपस्थित पूरे जिले में कदाचार का मामला केवल इसी केंद्र पर सामने आया, जहां संबंधित अभ्यर्थी को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने जांच अपने हाथ में ले ली है। मुंगेर और नालंदा में सामने आए पेपर लीक मामलों की संयुक्त जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस SIT का नेतृत्व एसपी राजेश कुमार को सौंपा गया है, जबकि इसकी मॉनिटरिंग एडीजी नैयर हसनैन खान स्वयं कर रहे हैं। टीम में डीएसपी, इंस्पेक्टर, एसआई के साथ साइबर विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है, ताकि डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।




